शनिवार 29 जुलाई 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज





विधि व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों से सख्ती से निपटेगी पुलिस: एसपी

2



विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441



! मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा
शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा,

**इंसानियत शर्मसार: दिल को झकझोर देनेवाली और समाज के विकृत चेहरे को दर्शाती दो खबरें पढ़ें एकसाथ, सवाल: कहां जा रहा हमारा समाज**

# बेगूसराय में बच्ची से दरिंदगी के बाद हत्या

- पड़ोसी ही निकला शैतान, मेंहदी का पत्ता तोड़ने बच्ची गई थी उसके घर
- आरोपियों ने बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को घर के बेसमेंट में गाड़ दिया
- आक्रोशित लोगों ने आरोपी के घर में तोड़फोड़ के बाद लगा दी आग

**केटी न्यूज/बेगूसराय**

बिहार के बेगूसराय में 10 साल की बच्ची से रेप और हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप बच्ची के पड़ोसी पर लगा है। बताया जा रहा कि बच्ची से हैवानियत उस वक्त की गई जब वो पड़ोसी के घर मेहंदी तोड़ने गई थी। आरोपी ने उसे पकड़कर ना सिर्फ उसके साथ दुष्कर्म किया बल्कि उसकी हत्या कर अपने घर के बेसमेंट में 10 फीट गड्ढा कर शव को गाड़ दिया था। बताया जा रहा कि बच्ची 24 जुलाई से लापता थी। परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद पड़ता में बच्ची का शव पड़ोसी के घर से बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें घर का मालिक नौकर व अन्य शामिल हैं।

**इन हैवानों ने भरासे का भी कत्ल किया है...**



**गुस्साए लोगों ने आरोपी के घर में आग लगा दी**



### 24 जुलाई की सुबह से ही गायब थी 10 साल की बच्ची

जैसे ही मामले का खुलासा हुआ तो सन्न करने वाली वारदात से पूरे गांव में तनाव फैल गया। आक्रोशित लोगों ने आरोपी के घर में तोड़फोड़ भी की है। पूरा मामला बछवारा थाना क्षेत्र के एक गांव की है। आरोप है कि 24 जुलाई की सुबह 10 साल की बच्ची अपने पड़ोसी गुड्डू सिंह के घर मेहंदी तोड़ने गई थी जिसके बाद से वह लापता हो गई। काफी देर तक बच्ची के नहीं लौटने पर परिजन गुड्डू सिंह के घरवालों से कई बार पूछताछ की लेकिन किसी ने जानकारी नहीं दी। इसके बाद परिजनों ने इसकी शिकायत बछवारा थाना में की।

### नौकरों से बहला फुसलाकर पूछने पर हुआ खुलासा

पुलिस ने गुड्डू सिंह के दो नौकर को गिरफ्तार कर पूछताछ कर छोड़ दिया। बाद में परिजनों ने दोनों नौकरों से बहला फुसलाकर पूछा तो उसने हत्या की बात कबूली। इसके बाद फिर पुलिस एक्शन में आई और नौकर को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। पुलिस मौके पर पहुंची और गुड्डू सिंह के घर के बेसमेंट में जमीन खोदकर बच्ची का शव बरामद किया है। अर्धनग्न अवस्था में शव को पन्नी में लपेटकर जमीन में दबाया गया था।

### बड़ी चिंता... थमने का नाम नहीं ले रही दुष्कर्म की घटनाएं


देश में बलात्कार की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही। स्थिति ऐसी हो गई है कि अबोध बच्ची से लेकर वृद्ध तक के साथ दरिंदगी की घटना आए दिन सामने आ रही हैं। बलात्कार के बढ़ते मामलों के पीछे की मुख्य वजहों में ढीली न्यायिक प्रणाली, कम सजा दर, महिला पुलिस की कमी, फास्ट ट्रैक अदालतों का अभाव और दोषियों को सजा नहीं मिल पाना शामिल हैं। इस दिशा में सजा का प्रावधान भी कठोर नहीं हो पाना भी दुष्कर्म की घटनाओं में बढ़ोतरी की एक बड़ी वजह है। नेशनल क्राइम रिकाड्र्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में जहां 18 साल से ज्यादा आयु की महिलाओं के साथ बलात्कार के कुल 28,644 मामले दर्ज हुए, वहीं नाबालिगों के साथ बलात्कार की कुल 36,069 घटनाएं हुईं। इन 36,069 घटनाओं का एक बड़ा हिस्सा प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंसिस एक्ट (पॉक्सो) के तहत दर्ज हुआ जबकि बाकि मामले इंडियन पीनल कोड या भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत दर्ज किए गए। पिछले पांच साल के आंकड़े बताते हैं कि 18 साल से ज्यादा उम्र की महिलाओं के साथ बलात्कार के मामलों की तुलना में नाबालिगों के साथ बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ती दिखी हैं।

## आईफोन खरीदने के लिए दंपति ने बेच दिया नौ महीने का बच्चा

**एजेंसी/कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है, जहां 24 परगना जिले में कपल ने अपने 9 महीने के बच्चे को सिर्फ इसलिए बेच दिया क्योंकि उन्हें आईफोन खरीदना था। स्थानीय लोगों को संदेह हुआ तो उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। इतना ही नहीं बच्चे को बेचने और आईफोन खरीदने की वजह ये थी कि महिला आईफोन से रील्स बनाना चाहती थी। पुलिस ने बच्चे की मां और बच्चे को खरीदने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया. वहीं पुलिस बच्चे के पिता की भी तलाश कर रही है जो अभी फरार है।

स्थानीय लोगों को पिछले कुछ दिनों से कपल के व्यवहार में बदलाव नजर आ रहा था। इसके अलावा वो ये भी नोटिस कर रहे थे कि कपल का 8 महीने का बच्चा गायब है। यही वजह थी कि पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो सारा सच सामने आ गया. साथ ही पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की



जांच में जुट गई है। कपल को एक सात साल की बेटी भी है।

### क्या है पूरा मामला

यह मामला 24 जुलाई को सामने आया है। आरोपी कपल की पहचान जयदेव घोष और साथी के रूप में की गई है। पुलिस ने बच्चे को रेस्क्यू कर लिया है। एक पड़ोसी ने मामले को लेकर बताया कि आरोपी कपल ने अपने बच्चे को 2 लाख रुपए में बेच दिया और उसके बाद उन पैसों से वो ओडिशा के दीघा बीच पर हनीमून मनाने के लिए चले गए और साथ ही एक मोबाइल फोन भी खरीद लिया। इसके अलावा पुलिस ने एक दूसरी महिला को भी गिरफ्तार किया है जिसका नाम प्रियंका घोष है, जिसे कथित तौर पर कपल ने बच्चे को बेचा था।

## महागठबंधन इंडिया का एक प्रतिनिधिमंडल मणिपुर में पहाड़ी व घाटी क्षेत्र का करेगा दौरा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मणिपुर हिंसा मामले में संसद से लेकर सड़क तक बवाल मचा हुआ है। राज्यसभा और लोकसभा में विपक्षी दल मणिपुर मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार को घेरे हुए हैं। अब शनिवार को विपक्षी दलों के महागठबंधन इंडिया का एक प्रतिनिधिमंडल मणिपुर में पहाड़ी क्षेत्र और घाटी क्षेत्र का दौरा करेगा।

कांग्रेस सांसद सैयद नासीर हुसैन ने बताया कि 29 और 30 जुलाई को विपक्षी दलों का गठबंधन मणिपुर में हिंसा प्रभावित राहत शिविरों में जाएगा। इसमें 16 पार्टियों के 21 सांसद शामिल होंगे। प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेता हालातों का जायजा लेंगे और पीड़ितों से बातचीत करेंगे।

### मणिपुर हिंसा मामले की सीबीआई ने तेज की जांच

मणिपुर हिंसा को लेकर जारी बवाल के बीच सीबीआई ने मामले की जांच तेज कर दी है। जिसके बाद अब आरोपियों की गिरफ्तारी का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। सीबीआई ने इस मामले में कुल 6 एफआईआर दर्ज की थी. सीबीआई सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाए जाने को लेकर भी सीबीआई एफआईआर दर्ज करने की तैयारी में है। केंद्र सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में बताया गया है कि महिलाओं के वीडियो वाले मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। हालांकि वायरल वीडियो मामले की जांच को सीबीआई ने औपचारिक तौर पर अपने हाथ में नहीं लिया है। इस मामले में मणिपुर पुलिस ने वायरल वीडियो में दिख रहे 8 लोगों को गिरफ्तार किया था।

**प्रतिनिधिमंडल में इन सासंदों का नाम शामिल:** प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस की तरफ से अधीर रंजन चौधरी, गौरव गोगोई, के सुरेश और फूलो देवी नेतम, जेडीयू की तरफ से अनिल प्रसाद हेगड़े और राजीव रंजन, टीएमसी से सुष्मिता देव, डीएमके से कनिमोझी करुणानिधि, सीपीआई से सन्दोश कुमार पी, सीपीआई(एम) से एए रहीम, एनसीपी से पीपी मोहम्मद फैजल व अन्य शामिल हैं।

## बक्सर-पटना हाइवे पर बोलेरो ने ऑटो में मारी टक्कर, दो की मौत

- ब्रह्मपुर क्षेत्र के देवकुली गांव के समीप हुई दुघर्टना, वाहन में सवार सभी लोग घटना के बाद भाग निकले

**केटी न्यूज/ बक्सर**

तेज रफ्तार ने एक बार फिर लोगों की जान ले ली। रफ्तार के कारण आए दिन लोगों की मौत हो रही है, फिर भी लोग इससे सबक नहीं ले रहे। ताजा मामला शुक्रवार की सुबह बक्सर पटना हाइवे के ब्रह्मपुर क्षेत्र के देवकुली गांव के समीप का है। यहां तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद वाहन में सवार सभी लोग भाग निकले।

राहगीरों के अनुसार बोलेरो बक्सर से पटना की तरफ जा रही थी। उसी दौरान पहले साइकिल सवार में टक्कर हो गई। जिसके बाद बोलेरो का बैलेंस बिगड़ गया और उसने टेम्पू में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में थाना क्षेत्र के देवकुली गांव निवासी कन्हैया यादव पिता बुधन यादव व भोजपुर जिले के नंदपुर सेमरा गांव की रहने वाली आशा देवी पति जितेन्द्र यादव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी ने बताया कि खगड़िया नम्बर की बीआर गाड़ी 34टी 2566 में सवार लोग गया घूमने गए थे। लेकिन रास्ता भटकने के कारण बक्सर आ गए थे। जहां से वापस जा रहे थे। उसी दौरान यह दुघर्टना हुई।

Integrated Township at Bihta Patna

Yellow City

आपका निवेश हमारा साथ





सावन के पावन महीने में येलो सिटी की तरफ से पटना में जमीन खरीद की इच्छा रखने वालों के लिए सुनहरा ऑफर

बिहटा एयरपोर्ट से मात्र 4 KM | आईआईटी कैम्पस से 2 KM

ऑफर 800 रूपया प्रति स्क्वायर फीट

50 बीघा में प्लाटिंग 25 फीट का रास्ता

5 कठ्ठा, 12 कठ्ठा व 15 कठ्ठा का ही प्लाट

60 माह की आसान किस्तों पर

25,000 हजार प्रतिमाह की किस्त

लोकेशन
अमहारा गांव
बिहटा (पटना)

बुकिंग 10 फीसदी, पोजिशन 40 फीसदी व रजिस्ट्री 100 फीसदी पर

मोबाईल नम्बर : +91 6202869902

**सोशल मीडिया पर स्टार चिह्न वाली नोटों के बंद होने की अफवाह पर भ्रम में पड़े लोग**

## आरबीआई का निर्देश... घबराएं नहीं, प्रचलन में हैं स्टार चिह्न वाले नोट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

2000 रुपये के बैंकनोट के वापस लेने के फैसले के बाद सोशल मीडिया पर स्टार चिह्न वाली नोटों के बंद होने की अफवाहें सामने आईं। हालांकि, इसको लेकर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने स्पष्टीकरण जारी किया है। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया है कि घबराने की कोई बात नहीं है और स्टार चिह्न वाले नोट प्रचलन में हैं। आरबीआई के अनुसार, स्टार सीरीज के नोट वे होते हैं जिनके प्रीफिक्स और सीरियल नंबर के बीच एक स्टार




(*) चिह्न जोड़ा जाता है। हालांकि, चिह्न का मतलब यह नहीं है कि नोट उनसे अलग है जिन पर स्टार नहीं अंकित है। आरबीआई ने कहा कि इन बैंक नोटों पर स्टार चिह्न वास्तव में दशार्ता है कि इन नोटों को बदल दिया गया है या दोबारा छापा गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक, इसके द्वारा अगस्त 2006 तक जारी बैंक नोटों में क्रमांक दिए जाते थे। इसमें से प्रत्येक बैंकनोट में एक संख्या अथवा अक्षर/रों से प्रारंभ होने वाला विशेष क्रमांक दिया जाता था। इन बैंक नोटों को 100 नगों के पैकेट के रूप में जारी किया जाता है। क्रमांक दशार्ने वाले 100 नगों वाले पैकेट में गलत छपे बैंकनोटों को बदलने के लिए बैंक ने 'स्टार सीरीज' वाली संख्यांकन प्रणाली को अपनाया।

10, 20, 50 और 100 रुपये के 'स्टार' बैंक नोट पहले से ही प्रचलन में हैं। हालांकि, नोटबंदी के बाद आरबीआई ने 500 रुपये वाले 'स्टार' बैंकनोट पहली बार जारी किए। स्टार चिह्न वाली नोटों के चर्चा में आने का कारण है इनसे जुड़ी फर्जी खबरें। दरअसल, एक वायरल फर्जी संदेश में दावा किया गया है कि नंबर पैनल में 'स्टार' चिह्न अंकित 500 रुपये का नोट नकली है और लोगों से ऐसे करेंसी नोट स्वीकार न करने को कहा जा रहा है। वायरल संदेश को 500 रुपये के नए नोट की तस्वीर के साथ साझा किया जा रहा है, जहां नंबर पैनल में चिह्न को अलग से हाइलाइट किया गया है।

इन नोटों से जुड़े फर्जी संदेश आरबीआई के संज्ञान में आते ही गुरुवार को इसने स्पष्टीकरण जारी किया। मुख्य महाप्रबंधक योगेश दयाल ने एक बयान में कहा यह सूचित किया जाता है कि स्टार चिह्न वाला बैंकनोट किसी भी अन्य वैध बैंकनोट के समान होता है।

## धूमधाम से मनाया गया भाकपा-माले के संस्थापक कॉ. चारु मजूमदार का 52 वां शहादत दिवस

# भाजपा-आरएसएस सांप्रदायिक जहर घोल कर देश को निस्तोनाबूद करने पर तुली है

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

भाकपा-माले के संस्थापक एवं पहले महासचिव कॉ. चारु मजूमदार का 52 वां शहादत दिवस जिला के सैकड़ों से ज्यादा गांव, बाजारों में धूमधाम से मनाया गया। जिला कार्यालय में पहले मार्च निकालकर पार्टी कार्यालय में झंडा तोलन पार्टी के वरिष्ठ नेता कॉ. वसी अहमद ने किया। उसके बाद उनके प्रतिभा पर फुल,माला चढ़ाकर एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि आज हमारे पार्टी के संस्थापक एवं पहला महासचिव कॉ. चारु मजूमदार का 52 वां शहादत दिवस है। यह कार्यक्रम को शहादत दिवस के रूप में पूरे देश भर में मनाया जाता है। इसलिए हमलोग आज जहानाबाद के सैकड़ों से ज्यादा गांव, बाजारों में काफी धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम आज से अगले तीन दिन तक बचे स्थानों पर किया जाएगा।

नेताओं ने आगे कहा कि कॉ. चारु मजूमदार हमारे पार्टी ऐसे नेता थे जिन्होंने पार्टी को विस्तार करने में काफी संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। आज हमलोग उन्हीं का अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए संकल्प लिया गया। उनके अधूरे




■ गजिले के सभी प्रखंडों में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, लोगों ने दी श्रद्धांजलि

सपनों को पूरा करना हमलोगों का दायित्व है। आज देश में फासीवाद सबसे ज्यादा खतरा है पूरा देश आज फासीवाद के चंगुल में फंसी हुई है। भाजपा-आरएसस पूरे देश में सांप्रदायिक जहर घोल कर देश को निस्तोनाबूद करने पर तुली हुई है। लोकतंत्र को बर्बाद करने पर तुली हुई है। हमारी पार्टी यह सहन नहीं करेगी लोकतंत्र की रक्षा के लिए सांप्रदायिक ताकतों से हमेशा लड़ते आयी हैंऔर आगे भी इन ताकतों के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। कॉ. चारु मजूमदार को लाल सलाम, कॉ. चारु मजूमदार अमर रहें के नारे भी लगाए गए।

पार्टी जिला कार्यालय में माले जिला सचिव कॉ. रामाधार सिंह, ज़िला कार्यालय सचिव कॉ. श्याम पाण्डेय, गणेश दास आदि शामिल थे। जहानाबाद ग्रामीण के गौरापुर में माले राज्य कमिटी सदस्य कॉ. श्रीनिवासन शर्मा, प्रखंड सचिव कॉ. हसनैन अंसारी, दिनेश दास किनारी में अरुण यादव, कुंती देवी आदि सिकरिया में निर्माण मजदूर यूनियन के जिला सचिव कॉ. सिवशंकर प्रसाद बभना में युवा नेता मुकेश पासवान, मोदनगंज में के कुछ गांवों में घोसी विधायक कॉ. रामबली सिंह यादव, प्रखंड सचिव वितन मांझी, प्रदीप कुमार, जगदीश पासवान, युवा नेता कामरेड योगेंद्र यादव, हुलासगंज के तिर्रा, फजीलापुर केउर, बौरी, दुगार्पुर, कोकरसा कटौली आदि गांवों में मनाया गया। हुलासगंज में प्रखंड सचिव कामरेड प्रभात कुमार, ज़िला कमिटी सदस्य दिलीप बिंद, अवधेश पंडित, प्रमोद पंडित, रमेश शर्मा। घोसी के साहोविगहा, लखावर, परावन, उबेर, कुर्रे आदि गांव बाजारों में प्रखंड सचिव कॉ. अरुण बिंद, बुद्धदेव यादव, इन्द्रेश पासवान, बरुण पासवान,मदन यादव, बुंदेल दास, अशोक साव, ललन साव, अवथेश मांझी। रतनी के मिश्रौली आदि गांव बाजारों में प्रखंड सचिव कॉ. ललनकिशोर आजाद, करीमन दास, महेन्द्री देवी, विजय यादव। मखदुमपुर के सुमेरा, खसखोरी पलेरा, ढकनीविगहा, इनरपुर, खलकोचक आदि गांव, बाजारों में जिला सचिव रामाधार सिंह, प्रखंड सचिव कॉ. सत्येंद्र रविदास, भागीरथ मांझी, युवा नेता बेंकटेश शर्मा गिरिजानंदन पंडित, प्रशांत शर्मा सिवरतन सिंह, अशोक कुमार काको के नदियावां, चंदवापुर, हाजीपुर आदि गांव बाजारों में प्रखंड सचिव विनोद कुमार भारती, सतीश चौधरी रिंकी देवी आदि शामिल थे।

## सवारियों से भरी टेंपो अनियंत्रित होकर पलटी, पांच जख्मी

**आरा।** जिले के टाउन थाना क्षेत्र के बड़की सिंगही मोड़ के समीप आरा-सिन्हा मार्ग पर शुक्रवार की दोपहर अनियंत्रित होकर सवारियों से भरी टेंपो पलट गयी। इस दुर्घटना में ऑटो चालक समेत कुल पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

घायलों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़का डुमरा गांव निवासी 56 वषीर्या राजकुमारी कुंवर, 35 वर्षीया शारदा कुंवर, शैलेंद्र कुमार की 50 वषीर्या पत्नी सुनीता देवी, सुरेंद्र राम की 40 वर्षीया पत्नी संजू देवी और ऑटो चालक शामिल है। बताया जाता है कि सभी महिलाएं बड़का डुमरा से ऑटो पर सवार होकर अपने अलग-अलग कामों से जिला मुख्यालय आ रही थी। ऑटो की रफ्तार काफी तेज थी। जिसके कारण बड़की सिंगही मोड़ के समीप पहुंची तो ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया।

## जमीन छोड़ने के विवाद में युवक की पिटाई

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरहियां गांव में जमीन छोड़ने के विवाद में एक युवक की जमकर पिटाई कर दी गयी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक पिपरहियां गांव निवासी शिव मंदिर सिंह का एक 31 वर्षीय पुत्र छठु कुमार है। उसने बताया कि गांव में 26 फीट परती जमीन है। उसे लेकर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा उस जमीन में से पांच फीट जमीन छोड़ने का दबाव दिया जा रहा है। उसको लेकर कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। शुक्रवार की सुबह वह अपने घर में बैठा था। तभी उक्त व्यक्ति अपने अन्य साथियों के साथ उसके घर में घुस गया और लाठी-डंडों और पिस्टल के बट से उसकी जमकर पिटाई कर दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।




## चिंतनीय: मखदुमपुर प्रखंड के कई पंचायतों में गहराया पेयजल संकट

**जहानाबाद।** बरसात के दिनों में भी चिलचिलाती धूप के कारण प्रखंड के कई पंचायतों में भीषण पेयजल संकट गहराता जा रहा है। जहां लोगों को पीने का पानी भी नसीब नहीं हो पा रहा है। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से टैंकर के द्वारा पानी पहुंचाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि यदि बरसात नहीं हुआ और कुछ दिन यही हाल रहा तो पेयजल संकट और भयवर स्थिति ले सकती है। प्रखंड के डकरा, भैक, जवनगंज, पूर्वी सरेन, पश्चिमी सरेन, सुगांव, सुमेरा, कलानोर, मलाठी, कुमरडीह पंचायत में जलस्तर तेजी से नीचे भाग रहा है। डकरा, भैक, और पूर्वी सरेन पंचायत के कई जगहों पर लोगों के लिए टैंकर से पानी पहुंचाया जा रहा है। अधिकांश जगहों पर हैंडपंप पूरी तरीके से सूख चुका है। जानकारी देते हुए पूर्वी सरेन पंचायत की मुखिया सीता रानी कुमारी ने बताया कि हमारे पंचायत के लोगों द्वारा लगातार सूचना दिया जा रहा था कि पीरगंज सहित कई टोला में समरसेबल पूरी तरीके से सूख गया है। नलजल योजना के तहद भी लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। जिसके बाद टैंकर से पानी पहुंचाने का व्यवस्था किया गया है। उन्होंने बताया के पीरगंज, बेलदारी सहित कई टोलों में टैंकर से पानी पहुंचाने का व्यवस्था की गयी है।

## पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए पटना आ रहे मुजफ्फरपुर के युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

**केटी न्यूज/आरा**

आरा रेलवे स्टेशन स्थित डाउन होम सिग्नल के समीप गुरुवार की देर शाम चलती ट्रेन से गिरने से मुजफ्फरपुर के युवक की मौत हो गयी। मृत युवक मुजफ्फरपुर के साहिबगंज थाना क्षेत्र के शाहपुर पट्टी गांव निवासी कपिल देव ठाकुर के 43 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण ठाकुर थे। वह गुजरात के सूरत स्थित किसी प्राइवेट कंपनी में पाइप लाइन का काम करते थे।

पत्नी उषा देवी ने बताया कि उनके पति विदेश जाने के तैयारी कर रहे थे।



उसे लेकर पासपोर्ट के लिए अप्लाई किया था। एजेंट द्वारा उन्हें वेरिफिकेशन कराने के लिए पटना स्थित पासपोर्ट ऑफिस बुलाया गया था। बताया गया था कि पहले पटना पासपोर्ट ऑफिस में वेरिफिकेशन होगा। उसके बाद गांव में सत्यापन करना होगा। उसी सिलसिले में वह बुधवार को वह सूरत से ट्रेन से पटना आ रहे थे। उसी दौरान आरा रेलवे स्टेशन के समीप यह घटना हो गयी। उसके बाद रेल पुलिस द्वारा फोन कर घटना की सूचना दी गयी। उस आधार पर वेलोग आरा सदर अस्पताल पहुंचे और शव को दाह-संस्कार के लिए गांव ले गए। बताया जा रहा है कि उनके परिवार में पत्नी उषा देवी, पुत्री संध्या, राजनंदनी, शिल्पी, पुत्र रितिक और शिवम है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।




## संगठन को मजबूत करने का लिया गया निर्णय

**जहानाबाद।** जदयू नगर अध्यक्ष चंदन कुमार जी के नेतृत्व में जदयू नगर की बैठक जिला जदयू कार्यालय में आयोजित की गई है।जिसमे नगर के सभी वार्डो में बूथ कमिटी का गठन कर संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि हर वार्ड में दस सदस्यीय कमिटी का गठन कर संगठन को मजबूत करने का आवाह्न किया, बूथ स्तर का कार्यकर्ता ही पार्टी का मजबूत स्तंभ होता है और बूथ जीतेंगे तो चुनाव जीतेंगे और कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के किए कार्यों को जन जन तक पहुंचाने कार्य करे। इस बैठक में जिला संगठन प्रभारी महेंद्र कुमार सिंह,अश्विनी शर्मा, विधान सभा प्रभारी संजय कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता अमित कुमार पम्मु, गुलाम मुर्तजा अंसारी, अरमान अहमद गुड्डू, विमल चौधरी, डोमन प्रसाद, रौशन कुमार, लक्ष्मण प्रसाद, मो अफजल इमाम अंसारी व अन्य मौजूद रहें।

## मुहर्रम पर विधि-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों से सख्ती से निपटेगी पुलिसः एसपी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में मुहर्रम के अवसर पर गड़बड़ी करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। उसे लेकर जिले भर में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल को तैनात किया गया है। सौहार्द बिगाड़ने के संदेह में पंद्रह हजार लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गयी है। इधर, डीएम लगे कुमार और एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा जिले में घूम-घूमकर स्थिति का जायजा लिया गया। इस क्रम में दोनों अधिकारी शुक्रवार को जगदीशपुर पहुंचे। वहां दोनों अधिकारियों की देखरेख में फ्लैग मार्च भी निकाला गया।

एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा बताया गया कि सभी चिन्हित जुलूस और अन्य संभावित जगहों पर संयुक्त आदेश के अनुसार पदाधिकारी, पुलिस बल, पदाधिकारी और मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। उसके तहत जिले भर में बाहर से मिले विशेष सशस्त्र बल, जिला बल, होमगार्ड और चौकीदार सहित 1200 से ज्यादा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। हर महत्वपूर्ण स्थल पर सीनियर पदाधिकारी स्वयं भ्रमणशील रहेंगे। सुबह की गस्ती भी चुस्त-दुरुस्त रहेगी। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी के संदेह में करीब 10000 लोगों पर 107 और 5000 से ज्यादा लोगों



पर बंध पत्र की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही एसपी द्वारा सभी भोजपुर वासियों से अनुरोध है कि पर्व के समय शांति का माहौल बना कर पर्व संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करें। कहीं भी किसी प्रकार की कोई विवाद की स्थिति या अफवाह की स्थिति उत्पन्न होती है, तो तत्काल स्थानीय पुलीस प्रशासन के साथ-साथ, एसपी और डीएम से भी संपर्क करें। पुलिस हर शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि असामाजिक और अपराधी तत्वों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा। वैसे तत्वों से सख्ती से निपटा जायेगा। इसका मुख्य उद्देश्य यही है कि जिले की अमन-चैन का माहौल भंग नहीं हो।

## एमडीए कार्यक्रम में सकारात्मक सहयोग के लिए एनवाइके के वालंटियर को किया गया प्रशिक्षित

# साल में एक बार खिलायी जाती है फाइलेरिया की दवा

**केटी न्यूज/पटना**

क्यूलेक्स मादा मच्छर के काटने से फाइलेरिया बीमारी होती है। अगर किसी भी व्यक्ति को क्यूलेक्स मच्छर आज काटता है तो इसका असर तुरंत नहीं दिखता है। बल्कि इसका प्रभाव 5 से 15 वर्षों के बाद दिखता है। इसलिए फाइलेरिया बीमारी के उन्मूलन के लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों संकल्पित है। इस संकल्प को पूरा करने के सरकार द्वारा हर वर्ष साल में दो बार एमडीए कार्यक्रम चलाया जाता है। पहला राउंड बीते दस फरवरी से चलाया गया था। दूसरा एमडीए राउंड अगले महीने के दस अगस्त से चलाया जाएगा। उक्त बातें शुक्रवार को नेहरू युवा प्रशिक्षण केंद्र सह यूथ हॉस्टल, पटना में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम



में नेहरू युवा केन्द्र के वालंटियर और पेशेंट नेटवर्क समूह के सदस्यों को संबोधित करते हुए जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने कहीं।

उन्होंने एनवाइके के वालंटियर और पेशेंट नेटवर्क के सदस्यों से अपील किया कि आप स्वयं, अपने परिवार के अलावा अपने पास-पड़ोस के लोगों को और दोस्तों को एमडीए कार्यक्रम के दौरान दवा खाने के लिए जागरूक और प्रेरित करें। तभी फाइलेरिया बीमारी का ट्रांसमिशन रूकेगा। साथ ही, हमारा राज्य और देश से फाइलेरिया का उन्मूलन होगा।

**सभी स्वस्थ लोगों को खानी है एमडीए की दवा :** डॉ. सुभाष प्रसाद ने कहा कि एमडीए राउंड के दौरान आशा दीदी के द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी। साथ ही ये दवा फाइलेरिया बीमारी से पीड़ित लोगों के अलावा खासकर स्वस्थ व्यक्ति को ये दवा जरूर खानी है। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को ये दवा नहीं खानी है। इसके अलावा जो व्यक्ति गंभीर बीमारी से जैसे कैंसर, ब्लड शुगर, हार्ट आदि बीमारी से पीड़ित हैं। तो ऐसे व्यक्ति को भी ये दवा नहीं खानी है।

**घर-घर और स्कूलों में जाकर खिलाई जाएगी दवा :** डॉ. प्रसाद ने कहा आशा दीदी और ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर के द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी। साथ ही दवा उम्र और वजन के हिसाब से आशा दीदी और ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर अपने सामने दवा खिलाएंगी।



# रहें सतर्क : जिले में तेजी से फैल रहा आई फ्लू का संक्रमण, सुरक्षा ही बचाव

**केटी न्यूज/बक्सर**

बरसात के शुरूआती दिनों में उमस और गर्मी के कारण कई बीमारियां पनपने लगती है। ऐसे में उमस व कर्मी के कारण जिले में आई फ्लू का खतरा तेजी से बढ़ने लगा है। अब तक तो गर्मी के कारण लोग वायरल बुखार, खसरा, दस्त व सर्दी-जुकाम से ही पीड़ित हो रहे थे। गत दिनों आई फ्लू का संक्रमण फैल रहा है। जिसे कंजक्टिवाइटिस भी कहा जाता है। जो तेजी से फैल रहा है और लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है।

आई फ्लू की समस्या में मरीज की आंखों में दर्द, सूजन और लालिमा जैसी परेशानियां होती हैं। इसकी वजह से आंखों से पानी बहने लगता है। संक्रमण बढ़ने पर मरीज को देखने में परेशानी हो सकती है। वहीं, जिले के सभी प्रखंडों में आचनक से आई फ्लू के बढ़ते मामलों के कारण लोग चिंतित हो रहे हैं। इस बीमारी की सबसे बड़ी बात ये है कि यह एक संक्रमित बीमारी है। जो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को अपनी चपेट में ले रहा है। यदि परिवार में कोई भी एक सदस्य इस बीमारी से संक्रमित हो रहा है, तो धीरे-धीरे यह दूसरे लोगों में भी फैल रहा है। इस बीमारी में आंखों के सफेद हिस्से में संक्रमण फैल जाता है।

**कोरानाकाल की तरह बरते सवाधानी, चिकित्सक से लें सलाह :** शंकर नेत्रालय के आई स्पेश्लिस्ट डॉ. संतोष कृष्णा ने बताया, आई फ्लू संक्रमण है, जिससे बचने के लिए हमें स्वयं व अपने परिजनों के लिए कुछ दिनों तक कोरोनाकाल की तरह सावधानी बरतनी होगी। अगर आप सार्वजानिक जगहों पर जाते हैं, तो संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए दरवाजों के हैंडल, या किसी भी सतह को छूने से बचें। अगर आप इन चीजों को छूते हैं, तो हाथों को साबुन से साफ करें। साथ ही, अपने पास सैनिटाइजर भी रखें। वहीं, संक्रमित लोगों से हाथ न मिलाएं, छोटे बच्चों को गोद में न उठाएं, अपना रूमाल, तौलिया और तकिया किसी से शेयर न करें। हालांकि इस बीमारी से लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। जो भी लोग इससे संक्रमित होते हैं, तो सतर्क और सावधान रहने से तीन से पांच दिनों में ठीक हो जाएंगे। लेकिन, बिना चिकित्सीय सलाह के दवाओं का उपयोग कभी कभी खतनाक हो सकता है। इसके अलावा आई फ्लू से बचने के लिए आंखों पर काला चश्मा या सनग्लास लगाएं।



### संक्रमित मरीज से दूसरे लोगों में फैलता है आई फ्लू

डब्ल्यूएचओ के अनुसार आई फ्लू एक संक्रामक बीमारी है। यह संक्रमित मरीज से दूसरे लोगों में फैलता है। मानसून में कम टेम्प्रेचर और हाई ह्यूमिडिटी की वजह से लोग बैक्टीरिया, वायरस और एलर्जी के कॉन्टेक्ट में आते हैं। यही एलर्जिक रिएक्शन और आई इन्फेक्शन जैसे कंजंक्टिवाइटिस का कारण बनते हैं। यदि कोई संक्रमित अपनी आंखों के आसपास की त्वचा को छूने के बाद दूसरे लोगों को छूता है, तो अगले व्यक्ति को भी आई फ्लू होने का खतरा बन जाता है। यही वजह है जो आई फ्लू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। दूसरी ओर, इस बीमारी से सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। जिसके कारण दवा दुकानों पर आई ड्रॉप्स की मांग बढ़ती ही जा रही है।

## एक नजर

### डुमरांव में चैतन्य गौरंग रियल स्टेट ऑफिस का बबली दूबे ने किया उद्घाटन

**डुमरांव।** अनुमंडल मुख्यालय में चैतन्य गौरंग रियल स्टेट ऑफिस का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन युवा व चर्चित समाजसेवी बबली दूबे, दीपक सिंह व पवन मिश्रा ने किया। इस दौरान रॉबिन चतुवेर्दी, संतोष यादव, गगन सिंह, बबलू सिंह मौजूद रहे। उद्घाटन के मौके बबली दूबे ने कहा कि उनके मित्र आकाश सिंह के द्वारा चैतन्य गौरंग रियल स्टेट के माध्यम से बिना विवाद के डुमरांव के साथ साथ पूरे बिहार के लोगों को सस्ते में जमीन व मकान उपलब्ध कराया जाएगा। आज के समय में जमीन के धंधे में लोग पैसा लगाकार डरे रहते हैं। उन्हें डर लगा रहता है कि उनके द्वारा खरीदे जाने वाली जमीन कहीं विवादित न निकल जाए। ये डर उनके अंदर तब तक रहता है, जब तक वे मकान नहीं बना लेते है। उन्होंने जिलेवासियों से ऐसे फर्जी लोगों से सावधन रहने की अपील की जो दूसरे की जमीन को अपना बता कर एडवांस के तौर पर मोटी रकम वसूल लेते हैं और फिर रजिस्ट्री के लिए ग्राहकों को इधर से उधर दौड़ाते है। ऐसे ही मामले जमीन विवाद का कारण बनते हैं। बबली दूबे ने कहा कि ऐसे लोग बजार में भरे पड़े उनलोगों से बचना है, नहीं तो आपकी पूरी जिंदगी की कमाई मिनटों में चली जाएगी।



### आईजी और डीआईजी ने बीएमपी-4 का किया निरीक्षण, लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**डुमरांव।** स्थानीय शहर के हरियाणा फार्म में स्थित बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस कैंप में शुक्रवार की शाम आईजी राजेश कुमार और डीआईजी विनोद कुमार ने चल रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिया गया। वरीय अधिकारियों के आगमन को लेकर बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस कैंप में अफरातफरी का माहौल रहा। बताया जाता है कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वरीय अधिकारी बीएमपी-4 के कार्यालय में पहुंचे। इस संबंध में कमांडेंट वीणा कुमारी ने बताया कि रूटीन कार्यक्रम के तहत अधिकारियों ने यहां चल रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। आईजी और डीआईजी के आगमन पर सर्वप्रथम उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से सलामी दी गई। जिसके आईजी और डीआईजी ने नवनिर्मित भवनों का जायजा लिया। उन्होंने जवानों के प्रशिक्षण एवं विधि-व्यवस्था की पूरी जानकारी ली।






## खबरें फटाफट

### दहेज हत्या व खनिज अधिनियम के आरोपी गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी पुलिस शुक्रवार को दो अलग-अलग कांड के दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसमें उसरा गांव से दहेज हत्या मामला के आरोपी संतोष साह तथा सोनवर्षा ओपी में बालू लदे जप्त ट्रैक्टर को लेकर भागने का आरोपी राहुल कुमार शामिल हैं। बता दे कि दो माह पूर्व सोनवर्षा पुलिस ओवरलोडेड बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया और थाना लाय। जहां से चालक व मालिक पुलिस को चकमा देकर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गये थे। भागने के तुरंत बाद पुलिस ने बालू एवं ट्रैक्टर को अमरपुरी से पकड़ लिया था। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि उसरा से हत्या आरोपी मृतिका चंदा देवी की जेठ संतोष साह एवं वैना निवासी राहुल कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र की नई शाखा का शुभारंभ

**डुमरांव।** नगर के सफाखाना रोड में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र की नई शाखा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना भारत के गरीबों के हित में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक महत्वकांक्षी परियोजना है। इसके तहत जेनेरिक दवा उपलब्ध हो जाने से गरीब और असहाय लोगों पर आर्थिक बोझ कम पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस औषधि केंद्र के खुलने से लोगों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवा मिलेगी विशेष रुप से गरीब और वंचित लोगों के लिए सस्ती कीमतों पर दवाई उपलब्ध होगा। इस केंद्र से दवाओं की खरीदारी से खर्च को कम से कम किया जा सकता है। केंद्र पर सभी दवाएं उपलब्ध रहेगी। जन औषधि केंद्र पर 900 से अधिक किस्म की दवाएं व करीब 154 सर्जिकल सामग्री भी उपलब्ध है। जन औषधि केंद्र के माध्यम से बाजार के मुकाबले जेनेरिक दवाओं से रोगियों को 50 से 90 प्रतिशत तक की आर्थिक बचत होगी।

## प्रशासन अलर्ट : डुमरांव एसडीओ और एसडीपीओ ने विभिन्न अखाड़ों का लिया जायजा

# ताजिया का पहलाम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन मुस्तैद

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मुहर्रम का पर्व शांति और सद्भाव के साथ मने इसको लेकर अनुमंडल प्रशासन ने कमर कस ली है। इसके लिए अनुमंडल क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किये गये हैं। पर्व को लेकर सभी चिह्नित संवेदनशील और अतिसंवेदनशील जगहों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात की गयी है। इस क्रम में शुक्रवार को डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज और एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी सहित कई अधिकारियों ने अनुमंडल मुख्यालय के साथ-साथ नया भोजपुर, पुराना भोजपुर सहित कई अन्य अखाड़ों का जायजा लिया और शांतिपूर्ण माहौल में ताजिया जुलूस निकालने की अपील की गई। एसडीओ के अनुसार थानाध्यक्ष अपने-अपने इलाके में विधि-व्यवस्था के लिए पूर्ण रूप से जवाबदेह होंगे। एसडीओ कुमार पंकज ने कहा कि ताजिया का पहलाम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन मुस्तैद रहेगा। जुलूस के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि मुहर्रम में कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। जगह-जगह पर दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं। साथ ही, सभी थानों को सघन पेट्रोलिंग का निर्देश दिया गया है।

एसडीपीओ ने बताया कि पर्व को लेकर कहीं भी विधि-व्यवस्था न बिगड़े इसका ख्याल रखा जाएगा। साथ ही, सोशली मीडिया प्लेटफॉर्म पर नजर बनाए रखने के लिए पुलिस आईटी सेल 24 घंटे मुस्तैद हैं। पर्व के दौरान गड़बड़ी करने वालों की खैर नहीं होगी। फेसबुक, ट्विटर आदि सोशल प्लेटफॉर्म पर नजर रखी गई है। किसी भी प्रकार का भड़काऊ पोस्ट आने पर संबंधित तत्व के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सभी थाना क्षेत्रों में गठित शांति समिति के सदस्यों के द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जुलूस निकालने के लिए सभी अखाड़ों को लाइसेंस निर्गत किया जा रहा है। बिना लाइसेंस के जुलूस नहीं निकाला जाएगा। यदि बिना लाइसेंस या फिर आवेदन में लिखित रूट चार्ट के जुलूस निकाला जाता है, तब संबंधित अखाड़ा व सदस्यों पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यालय द्वारा मुहर्रम जुलूस में डीजे बजाने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। जिससे शांति स्थापित रह सके।



लोगों से वार्ता करते डुमरांव एसडीओ, एसडीपीओ व अन्य




फ्लैग मार्च निकालते सदर सर्किल इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष व अन्य पुलिस जवान

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**बक्सर।** मुहर्रम पर्व को लेकर एसपी नीरज कुमार के निर्देश पर नगर थाने की पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसका नेतृत्व सर्किल इंस्पेक्टर मुकेश कुमार ने किया। मौके पर नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार, ट्रैफिक प्रभारी अंगद सिंह यादव समेत पुलिस जवान शामिल हुए। सर्किल इंस्पेक्टर मुकेश कुमार ने मुहर्रम पर्व पर लोगों से शांतिपूर्ण पर्व को मनाने की अपील की।

## बंद घर का ताला तोड़ जेवर समेत लाखों रुपए का सामान ले उड़े चोर

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा ओपी के सारा गांव में चोरों का खौफ ग्रामीणों को सताने लगी है। विगत चार दिनों में दो घरों में अज्ञात चोरों ने चोरी का अंजाम दे डाला है। अज्ञात चोरों ने गांव के संतोष लाल उर्फ सोनू के काफी दिनो से बंद घर को अपना निशाना बनाया है। इस बार चोर घर के मुख्य दरवाजे की कुंडी उखाड़ कर घर में घुसे हैं। जो अंदर के मात्र दो कमरों का ताला तोड़कर एक बॉक्स व दो आलमीरे में रखे गए लगभग डेढ़ लाख रुपए मूल्य के आभूषण चुरा कर ले भागे हैं। साथ ही अन्य समान पर भी चोरों ने हाथ फेरा है। सुबह में पड़ोसियों ने जब घर का मुख्य दरवाजा खुला देखा तो, फोन पर इसकी सूचना पटना में रह रहे गृहस्वामी को दिया। घर में चोरी होने की सूचना मिलते ही गृहस्वामी अपने गांव पर पहुंच गए हैं।



गृहस्वामी ने बताया कि चोर लगभग डेढ़ लाख रुपए का आभूषण व अन्य कीमती सामान चुरा ले गए हैं। इधर गांव में लगातार हुई दो चोरी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। चोरों की आतंक से ग्रामीण रात में जागने पर विवश हो गए हैं। बता दे की अभी चार दिन पूर्व ही किसान गुप्त नाथ पासवान के घर में लगभग ढाई लाख रुपए की चोरी हुई थी। इधर गांव में फिर चोरी होने की सूचना मिलते ही सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गए।

## आशा कार्यकताओं के धरना-प्रदर्शन से टीकाकरण कार्य ठप

**केसठ।** आशा एवं आशा फैसिलिटेटर की हड़ताल शुक्रवार को 17 वें दिन भी जारी रहा। हड़ताली आशा कार्यकर्ता एवं आशा फैसिलिटेटर ने टीकाकरण नहीं होने दिया। साथ ही, मांगों के समर्थन में पीएचसी केंद्र पर धरना-प्रदर्शन की। साथ ही, पीएचसी पर रात्रि विश्राम भी किया। आशाकर्मियों ने आंदोलन तेज किया है। उनका कहा कि आशा की हड़ताल मुकम्मल है। जब तक मांगों की पूर्ति नहीं होती, तबतक हड़ताल जारी रहेगा। हड़ताली आशाकर्मियों ने कहा कि सरकार अगर दमन करती है तो हड़ताल और भी व्यापक होगा। आशा कार्यकताएं एवं आशा फैसिलिटेटर ने प्रदर्शन के दौरान मांगों के समर्थन में राज्य सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। गौरतलब है कि आशा कार्यकताओं की हड़ताल से टीकाकरण और संस्थागत प्रसव का कार्य पूरी तरह से ठप है। पीएचसी में बंध्याकरण ऑपरेशान पर भी असर पड़ा है।






## भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में राज्यव्यापी हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ

# सरकार को आम जनमानस की कोई चिंता नहीं: सौरभ

**केटी न्यूज/बक्सर**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के राज्यव्यापी हस्ताक्षर अभियान का उद्घाटन जिला मुख्यालय में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की जिला महामंत्री पूनम रविदास एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा की जिला उपाध्यक्ष मीना सिंह कुशवाहा रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो के जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने किया। संचालन महामंत्री विमलेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में युवाओ को सम्बोधित करते हुवे सौरभ तिवारी ने कहा कि बिहार का युवा सम्पूर्ण विश्व के नवनिर्माण में अपने कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। और बिहार की सरकार युवाओं के खून से बिहार की धरती को रक्तरंजित करने का काम कर रही है। बिहार में एक बार फिर आतंक का राज स्थापित हो रहा है। जहां लाठी गोली के बल पर जनता की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है। हक के संघर्ष को कुचलने के लिए पुलिस व गुंडों का सहारा लेकर सरकार पूरे बिहार को भयाक्रांत करने का काम कर रही है।




सरकार को बिहार के आम जनमानस के सम्मान की कोई चिंता नहीं है। वह केवल सता में रहकर तांडव मचाने का काम कर रही है। वर्तमान बिहार सरकार उस कहावत को चरितार्थ कर रही है । जिसमे कहा गया है कि रोम जल रहा था, और नीरो बंशी बजा रहा था।

ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिये हर बिहारी युवा तैयार है और उसका नेतृत्व युवा मोर्चा कर रही है। बिहार को आतंक व लूट का पर्याय नही बनने देंगे । बिहार के जनादेश विरोधी सरकार का बोरिया बिस्तर समेटने का काम करेंगे।

हस्ताक्षर अभियान में भाजपा के नगर अध्यक्ष अजय वर्मा, जिला प्रवक्ता सुनील राम, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष विवेक चौधरी, किसान मोर्चा के भूषण सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी विकास कायस्थ, प्रियरंजन चौबे, राहुल दुबे, अरविन्द पासवान, दीपक सिंह, राकेश सिंह, अमपु राय, मालिकार्जुन राय, मुन्ना तिवारी, आदित्य ठाकुर, रोहित मिश्र, बिट्टू तिवारी, चन्दन सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, बलिराम मिश्र, बिट्टू बाबा, अंकित त्यागी, कुंदन वर्मा, संजय सिंह, राज्यवर्धन, रवि सिंह, मिथुन शिंदे, सत्यम श्रीवास्तव, नंद जी तिवारी, रवि सिंह समेत अनेक प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला जेल में मैनुअल के हिसाब से होनी चाहिए व्यवस्था: जिलाधिकारी

- बलिया के जिलाधिकारी व एसपी ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और एसपी एस आनंद ने शुक्रवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। जेलर से वहां की व्यवस्था के बाबत पूछताछ की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि जेल मैनुअल के हिसाब से ही यहां की पूरी व्यवस्था संचालित होनी चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में आई तो गंभीरता से लेते हुए उस पर कार्रवाई होगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी कारागार में बैरक में रहने वाले लोगों की समस्याओं के बारे में पूछा। कुछ कैदियों ने अपने समस्या भी सुनाई, जिनका तत्काल समाधान करने के निर्देश जेलर को दिए। इसके बाद जेल अस्पताल में गए और वहां उपलब्ध दवा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। किचन में जाकर कैदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा। हवालात कार्यालय में जाकर अभिलेखों की जांच की। महिला बैरक में जाकर उनसे



बातचीत कर आश्वस्त हुए कि उनकी कोई समस्या तो नहीं है। डीएम एसपी ने जेलर को निर्देश दिया कि यहां की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही संज्ञान में आई तो उसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

## जिलाधिकारी के दुलार से बच्चे हुए गदगद

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और एसपी एस. आनंद ने शुक्रवार को फेफना स्थित बाल सुधार गृह का निरीक्षण किया। यहां जिलाधिकारी ने बाल सुधार गृह के अधीक्षक तेज बहादुर सिंह से वहां की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। कहा कि बच्चों का पता ढूंढने की दिशा में कार्यरूप कार्यवाही गंभीरता से हो। बच्चों को पढ़ाने के नियुक्त काउंसलर से सभी बच्चों के संबंध में जानकारी ली। कहा कि बच्चों से खूब दुलार प्यार से बात किए जा रहे। इसके लिए प्रयासरत रहें कि बच्चे अपने घर परिवार, गांव या अपने पते के संबंध में थोड़ी बहुत भी जानकारी दे दें। जिलाधिकारी ने सभी बच्चों से भी बड़े दुलार प्यार से बातचीत की। इसी दौरान एसपी एस आनंद ने फेफना एसओ को निर्देशित किया कि इन बच्चों के फोटोग्राफ सहित यथासंभव मिलने वाली पूरी डिटेल सोमवार तक दें, जिससे बच्चों को उसके गृह राज्य में भेजने की कार्यवाही की जा सके। इसके बाद जिलाधिकारी ने बच्चों को मिलने वाले भोजन के मेनू के बारे में अधीक्षक से जानकारी ली। निर्देश दिया कि बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता अच्छी हो। समय-समय से नास्ता, भोजन उपलब्ध हो। बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार हो ।

## एक नजर

### अघोषित बिजली कटौती से जिगिरसंद के लोग परेशान, सिंचाई व पेयजल की बढ़ी चिंता

**बलिया।** एक तरफ किसान मौसम की मार झेल रहा है तो दूसरी ओर बिजली विभाग बेरुखी अपनाए हुए हैं। बता दें कि मानसून के धोखा देने से किसान पहले ही परेशान है, उस पर से बिजली विभाग की उदासीनता के चलते रतसर पूर्वी फीडर के ग्राम जिगिरिसंड के साथ साथ अन्य गांवों को बिजली तय रोस्टर के अनुसार नहीं मिल पा रही है। जिससे उमस भरी गर्मी में आमजन पूरी तरह परेशान हो गया है। आलम यह है कि एक तरफ जहां धान सूख रहा है, वही दुसरी तरफ आटा चक्की में बिजली के अभाव में गेहूं की पिसाई नहीं हो पा रही है। जिससे किसानों के सामने समस्या उत्पन्न हो गई है। विगत 10 दिनों से कम वोल्टेज और तीनों फेस की आपूर्ति सुचारू रूप से न मिलने के कारण लोगों के सामने सिंचाई, पेयजल आपूर्ति के साथ साथ राशन को पिसवाने में भी समस्या उत्पन्न हो रही है। बिजली पर संचालित मिलों पर आज पिछले एक सप्ताह से लोगों का अनाज बिना पिसे ऐसे ही पड़ा हुआ है। जिन्हें ज्यादा दिक्कत हो रही है वे डीजल संचालित मिलों पर अधिक मूल्य चुकाकर पिसवाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। बिजली विभाग के आला अधिकारियों को सूचना देने पर या तो फोन रिसीव नहीं होता है या फिर शिकायतकर्ता को क्षेत्रीय लाइनमैन को खोजकर बात कराने के लिए बोल कर जिम्मेदारियों की पूर्ति कर ली जाती है। ग्रामीण चंद्रप्रकाश, राजू पांडेय, अजय सिंह, अमित सिंह, शिवेश पांडेय, दयानंद, हरेंद्र, विपिन, संजय, नीरज आदि ने रोस्टर के मुताबिक बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

### माध्यमिक शिक्षक संघ का एलान... 10 अगस्त को शिक्षक करेंगे संसद भवन का घेराव



**बलिया।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चेतनारायण गुट) जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी शिक्षक-कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित पुरानी पेंशन बहाली एवं चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने समेत सात सूत्रीय मांग पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपते हुए निराकरण की मांग की। धरना सभा को सम्बोधित करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व शिक्षक विधायक चेतनारायण सिंह ने कहा कि आन्दोलन की यह कड़ी रुकने वाली नहीं है। 10 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान पर एकत्रित होकर संसद भवन का घेराव किया जायेगा। सभा को डॉ. बालचन्द राम, सुरेश चन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, केडी मिश्र, छितेश्वरनाथ मिश्र, अनुज सिंह, योगेंद्र सिंह, श्रीमती शिखा त्रिपाठी, आनंदमोहन सिंह, प्रेम प्रकाश राय, महेश कुमार राजवानी, अश्वनी कुमार तिवारी, रमाशंकर सिंह, सुदर्शन राय आदि ने सम्बोधित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक मांग पत्र पर गम्भीरता से विचार करते हुऐ समाधान करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मोहन उपाध्याय, अभिषेक सिंह, अविनाश गौतम, आमोद कुमार चौबे, हरिलाल यादव, संजय सिंह, बृजेश सिंह, अनिरुद्ध यादव, सुभाष चन्द सिंह, भूपेन्द्र कुमार सिंह, डॉ मनीष कुमार सिंह, आलम सलीम, सिद्धांत मिश्रा, अनिल कुमार, भैया घनश्याम सिंह इत्यादि शिक्षक-कर्मचारी उपास्थित थे। अध्यक्षता उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. गिरिजेश दत्त शुक्ल एवं संचालन जिला मंत्री राम विलास सिंह यादव ने किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बांसडीह का मामला, डॉक्टर के रखने पर उठ रहे सवाल

# एनजीओ का डॉक्टर बगैर नियुक्ति के सरकारी अस्पताल में कर रहा इलाज

**केटी न्यूज/बलिया**

सरकारी अस्पताल में एनजीओ का डाक्टर ओपीडी में बैठकर बाहर की दवा और बाहर की जांच लिख रहा है। आपको बता दें कि यह मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बांसडीह का है, जहां करीब तीन माह से चर्म रोग विशेषज्ञ के नाम पर ओपीडी में तीन दिन बैठ कर सरकारी अस्पताल में सरकारी पर्ची पर दवाएं लिख रहे हैं। वह अपना नाम डॉक्टर एस के तिवारी बताते हैं, जब उनसे नियुक्ति के बारे में पूछताछ की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि यहां के अधीक्षक से बात कर लें। जब अधीक्षक डॉक्टर वैंकेटेश से बात की गई तो बताया गया कि यह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के आदेश पर बैठ रहे हैं। सवाल यह उठता है कि अगर अस्पताल में आने वाले किसी मरीज के साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?

सीएमओ जयंत कुमार बताते हैं




कि सीएचसी बांसडीह के अस्पताल में ये चिकित्सक निःशुल्क सेवा देते हैं। जबकि जनपद में दो दर्जन से अधिक अस्पतालों में चिकित्सकों की भारी कमी है। अस्पताल में रिक्त पदों पर झोलाछाप डिग्रीधारक डॉक्टरों की नियुक्ति करेंगे। लोग ये कह रहे हैं कि अगर झोलाछाप डॉक्टर ही सीएचसी/पीएचसी पर काम करने लगे तो एमबीबीएस, होम्योपैथीक व आयुर्वेदिक चिकित्सकों की डिग्री की क्या आवश्यकता। उत्तर प्रदेश सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ सुविधा देने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। वहीं कुछ जिम्मेदारों की वजह से चिकित्सक पेशा अवैध रूप से धन कमाने का जरिया बन गया है। ऐसा ही नजारा बांसडीह सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर देखने को मिल रहा है, जहां एक एनजीओ का डॉक्टर सरकारी अस्पताल में सरकारी पर्ची पर मरीजों को देखता एवं दवाई लिखता है। लोगों का आरोप है कि यह डॉक्टर विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से खुलेआम सेवा के नाम पर बाहर की दवा व जांच लिखकर मरीजों एवं तीमारदारों का शोषण कर रहे है।

### सीएमओ बोले- विधायक के कहने पर रखे गए हैं

इस मामले में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर तैनात कुछ कर्मियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कई महीनो से बिना अनुमति पत्र के विभागीय अधिकारियों के सह पर निजी चिकित्सक सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल के कमरों में निजी चिकित्सक द्वारा ही पर्दे आदि लगाए गए हैं। इसके अलावा पूरे परिसर में फ्लैक्स बोर्ड लगाकर बकायदा प्रचार प्रसार भी किया जाता है। इस बाबत मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयंत कुमार से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय विधायक के कहने पर चिकित्सक को अस्पताल में रखा गया है और वह नि:शुल्क सेवा देते हैं। जब सीएमओ से डिग्री के बारे में पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि उनके पास काशी विद्यापीठ की डिग्री है और चर्मरोग विशेषज्ञ है। आप लिखित तौर पर मांगे हम डिग्री उपलब्ध कराएंगे।

### डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे सीएचसी व पीएचसी

आपको बता दे कि जनपद में करीब दो दर्जन से अधिक पीएचसी एवं सीएससी है, जहां पर चिकित्सकों की भारी कमी है। क्या वहां पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी विधायक एवं मंत्री के कहने पर बिना विज्ञापन निकाले, बिना नियुक्ति किए, किसी भी झोलाछाप डॉक्टर की नियुक्ति कर सकते हैं। अगर हां तो फिर आयुष एवं होम्योपैथिक चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकालने एवं संविदा पर रखकर फिजूल की सैलरी और विज्ञापन में लाखों रुपए खर्च करने की क्या जरूरत है, क्यों ना बिना सैलरी के सेवा देने वाले झोलाछाप डॉक्टरों की हर सीएचसी व पीएचसी पर नियुक्ति कर दी जाए। जिससे संविदा पर होम्योपैथिक एवं आयुष चिकित्सकों को लाखों रुपए दिया जाने वाला सैलरी बचाया जा सके और सरकार के कोष बचाया जा सके

## सोशल मीडिया पर तमंचा लहराने वाले दो युवक गिरफ्तार



**बलिया।** पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सिकन्दरपुर पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने सोशल मीडिया पर तमंचा लहराने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

सिकन्दरपुर थानाध्यक्ष दिनेश पाठक मय टीम क्षेत्र में मामूर थे। इसी बीच, मुखबीर खास की सूचना पर प्रियांशु यादव पुत्र तहसीलदार यादव (निवासी : नेमा का टोला, सिकन्दरपुर, बलिया) व अनुराग यादव पुत्र शेषनाथ यादव (निवासी : बहेरी, खेजुरी, बलिया) को सिवानकलां आदर्श इण्टर कालेज के पास से गिरफ्तार किया गया। इन पर सोशल मीडिया पर अबैध तमंचा लहराने का आरोप है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के कब्जे से दो तमंचा व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा जागरूकता वाहन रवाना

**मऊ।** मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए एक कल्याणकारी योजना है। इस बार मऊ जनपद में खरीफ के मौसम में धान की फसल के लिए कृषक अंश ( प्रीमियम) 1524 रु/ है तथा बीमित धनराशि 76,200 रू/ है। जिला कृषि अधिकारी सोम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि सभी ऋणी कृषक बैंक के माध्यम से तथा गैर ऋणी कृषक जन सेवा केंद्र के माध्यम से 31 जुलाई तक अपनी धान की फसल का बीमा अवश्य करवाएं। इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी संदीप गुप्ता, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी मिथिलेश कुमार, अपर जिला कृषि अधिकारी सौरभ सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण पर वार... मंगलम उत्सव पर आवास विकास परिषद का चला बुलडोजर

- आवास विकास परिषद ने अपनी जमीन से अतिक्रमण हटवाया
- संचालक का आरोप बिना नोटिस के आवास विकास परिषद ने तुड़वाई मेरी बाउंड्री

**केटी न्यूज/बलिया**

नगर के एनसीसी तिराहे के पास स्थित गली में मंगलम उत्सव के संचालिका द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए जमीन को आवास विकास परिषद विभाग द्वारा शुक्रवार को बुलडोजर चलाकर हटवाया गया। आवास विकास परिषद के सहायक अभियंता अभिषेक वर्मा ने बताया कि मंगलम उत्सव की संचालिका तेतरी देवी द्वारा आवास विकास परिषद की जमीन पर 14 वर्ष से अवैध रूप से कब्जा कर उपयोग किया जा रहा था। जिस को हटाने के लिए कई बार



नोटिस दिया गया। लेकिन इनके द्वारा न्यायालय का शरण लिया गया। जिसे जिला न्यायालय द्वारा 2019 में खारिज कर दिया गया।

बताया कि आवास विकास परिषद की जमीन कमर्शियल व आवासीय दोनों है। जिस पर तेतरी देवी द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था, उस अतिक्रमण को हटाया गया है। बताया कि आवास विकास कॉलोनी में दर्जन से अधिक लोग ऐसे हैं जो अवैध रूप से कब्जा किए हुए हैं। कुछ लोग कॉलोनी में सड़क के लिए छोड़ी गई जमीन को भी कब्जा कर चुके हैं।

उधर मंगलम उत्सव के संचालक संजय पांडेय ने बताया कि यह जमीन मेरी है। आवास विकास परिषद ने बिना नोटिस मेरी बाउंड्री तोड़ दी। मेरे पुत्र को मारते पीटते कोतवाली में बंद कर दिया। जबकि जिस जमीन को अवैध बताया जा रहा उस पर न्यायालय में मामला विचाराधीन है। इसके बावजूद मेरी दीवार तोड़ दी गई।

## फाइलेरिया के प्रसार का स्तर जानने के लिए हुआ नाइट ब्लड सर्वे

# बसंतपुर गांव में 125 लोगों का लिया गया सैंपल

**केटी न्यूज/बलिया**

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को हनुमानगंज ब्लॉक के बसन्तपुर ग्राम में एक दिवसीय नाइट ब्लड सर्वे में 125 लोगों के सैंपल लिया । सर्वे में आए 18 फाइलेरिया रोगियों को रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता रोकथाम (एमएमडीपी) के बारे में प्रशिक्षण देकर एमएमडीपी किट प्रदान की गई। जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने प्रशिक्षण में बताया कि फाइलेरिया के मरीजों को प्रभावित अंग की अच्छी तरह से साफ-सफाई रखनी चाहिए, जिससे किसी प्रकार के संक्रमण से मरीज प्रभावित न हो।

फाइलेरिया रोग से बचने के लिए एमडीए अभियान के दौरान दो वर्ष से



ऊपर के सभी लोगों को दवा का सेवन कराया जायेगा। गर्भवती व गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को यह दवा नहीं खानी है। दवा के सेवन से फाइलेरिया रोग से बचा जा सकता है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि फाइलेरिया के परजीवी यानि माइक्रोफाइलेरिया रात में ही सक्रिय होते हैं। इसलिए नाइट ब्लड सर्वे के लिए बनी टीम लोगों के ब्लड का सैंपल रात में लेती है। उन्होंने बताया कि सर्वे में आए पांच साल से अधिक आयु के सभी लोगो का सैंपल लिया गया। सैंपल लेकर रक्त पट्टिका बनाईं गईं है। इनसे परजीवी होने या न होने की पुष्टि की जाएगी। इस सर्वे का उद्देश्य फाइलेरिया रोगी मिलने पर उसका तत्काल उपचार शुरू कर जिले में फाइलेरिया के प्रसार को रोकना है। आशा संगिनी पूनम पाण्डेय, आशा कार्यकर्ता उषा सिंह,रिंकी सिंह,श्वेता सिंह,जया सिंह, कामिनी सिंह, किरण सिंह, लक्ष्मी सिंह ने लोगों के पंजीकरण में सहयोग किया।

**क्या है फाइलेरिया:** जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक रोग है। इसे सामान्यतः हाथीपांव के नाम से भी जाना जाता है। इसके प्रभाव से पैरों व हाथों में सूजन, पुरुषों में हाइड्रोसील (अंडकोष में सूजन) और महिलाओं में ब्रेस्ट में सूजन की समस्या आती है। बताया कि वर्तमान में जनपद में फाइलेरिया के 4859 मरीज हैं। इसमें हाइड्रोसील के 654 और लिम्फोडीमा के 4205 मरीज हैं। हाइड्रोसील के 654 मरीजों में से 131 मरीजों का सफल ऑपरेशन हो चुका है।

ॐ नमःशिवाय ॐ नमःशिवाय ॐ नमःशिवाय ॐ नमःशिवाय

नागेंद्रहाराय त्रिलोचनाय भस्मांग रागाय महेश्वराय।
नित्याय शुद्धाय दिगंबराय तस्मे न काराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कण-कण में शिव हैं, हर जगह में शिव हैं।
वर्तमान भी शिव हैं और भविष्य काल भी शिव हैं।।



राजीव कुमार उर्फ पिंटू सिंह
मुखिया खेवली पंचायत
प्रखंड चौगाई-बक्सर

### सदर प्रखंड की सेविकाओं और पर्यवेक्षिकाओं का किया गया उन्मुखीकरण

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर खिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवाएं

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में आगामी 10 अगस्त से शुरू होने वाला सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिला स्वास्थ्य समिति ने सभी प्रखंडों में एमडीए अभियान के लिए दवाओं का स्टॉक भेजना शुरू कर दिया है। ताकि, अभियान को बिना किसी बाधा और परेशानी के समय पर पूरा किया जा सके। वहीं, लोगों को दवाओं का सेवन करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसमें लोगों को फाइलेरिया के कारण, बचाव व इलाज के साथ साथ एमडीए की महत्ता की जानकारी दी जा रही है। इस क्रम में अब जिले की आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं, पर्यवेक्षिकाओं व सीडीपीओ को भी शामिल किया जा रहा है। इसके लिए सदर प्रखंड अंतर्गत बाल विकास परियोजना कार्यालय में सेविकाओं और पर्यवेक्षिकाओं का उन्मुखीकरण किया गया।



**संक्रमण के 8 से 12 सालों बाद नजर आते हैं लक्षण :** कार्यशाला में पीसीआई के जिला मोबलाइजेशन कंसल्टेंट मोहम्मद शादाब आलम ने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से फैलता है। फाइलेरिया बीमारी एक छिपा हुआ दुश्मन है। इसके लक्षण संक्रमण के 8 से 12 सालों बाद नजर आते हैं। ऐसी स्थिति में मानव शरीर के अंगों हाथ, पैर, स्तन व अंडकोष में सूजन बढ़ने लगती है। यह मरीज को विकलांग बना देती है। यदि समय पर इस बीमारी की पहचान और इलाज न हुआ तो संक्रमित मरीज पूरी तरह से दिव्यांग भी हो जाता है।

**दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नहीं दी जाती हैं दवाएं :** डीएमसी मोहम्मद शादाब आलम ने बताया कि एमडीए के दौरान लाभुकों को अल्बेंडाजोल और डीईसी खिलाई जाती है। इन दवाओं को 2 वर्ष से 5 वर्ष के बच्चों को डीईसी की 100 एमजी की खुराब के हिसाब से 1 गोली एवं अल्बेंडाजोल की 1 गोली खिलानी है। जबकि 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को 200 एमजी के हिसाब से डीईसी की 2 गोली एवं अल्बेंडाजोल की 1 गोली देनी है। वहीं 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र वालों के लिए 300 एमजी के हिसाब से 3 गोली एवं अल्बेंडाजोल की 1 गोली खिलाई जाती है। इसमें ध्यान रखना है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को ये दवाएं नहीं दी जाती हैं।

## टॉप टेन अपराधियों में शामिल विशाल श्रीवास्तव गिरफ्तार



**बक्सर।** जिले के टॉप टेन अपराधी विशाल श्रीवास्तव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को यह सफलता शुक्रवार की शाम लगी। बक्सर एसपी मनीष कुमार ने बताया कि यह पिछले दो-तीन सालों से फरार चल रहा है। यह दो मामलों में फरार चल रहा था। जिसमें एक युवती को भगा कर शादी करने व बाइक लूट के मामले पुलिस को तलाश थी। एसपी मनीष कुमार ने कहा कि इसकी गिरफ्तारी की डिटेल शनिवार सुबह ग्यारह बजे प्रेसवार्ता आयोजित कर दी पत्रकारों को दी जाएगी।

## मेथोडिस्ट मेडिकल काउंसलर ऑफ इंडिया के सचिव बने डॉ. आरके सिंह

**केटी न्यूज/डुमरांव**

प्रतापसागर स्थित मेथोडिस्ट अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आरके सिंह को मेथोडिस्ट मेडिकल काउंसलर ऑफ इंडिया की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. आरके सिंह को मेथोडिस्ट मेडिकल काउंसलर ऑफ इंडिया के सचिव मनोनित किया गया है। हालांकि, डॉ. सिंह के सचिव बनने के साथ उनकी जिम्मदारियां भी बढ़ चुकी हैं। सचिव के चार साल के कार्यकाल के दौरान वो अपने अनुभवों से मेथोडिस्ट संस्था के दर्जनों मेडिकल कॉलेज, स्कूल के साथ-साथ डॉक्टर्स, नर्स, पैरामेडिकल आदि को भारतवर्ष में पहले पायदान पर लाने का प्रयास करेंगे। बैंगलोर के एक सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भारत के हर क्षेत्रों से पहुंचे डेलीगेट मेंबर्स ने चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लिया। जहां डॉ. सिंह को भारी बहुमत से सचिव पद के लिए मनोनित किया गया।



जिसके बाद शुक्रवार को डॉ. सिंह प्रतापसागर पहुंचे। जहां अस्पताल के चिकित्सकों, स्टाफ्स और गणमान्य लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। साथ ही, अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया। दौरान डॉ. सिंह ने कहा कि गरीब मरीजों की सेवा करने में जो संतोष मिलता है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मेडिकल और स्वास्थ्य सेवाएं गांव-गांव तक पहुंचे यही मेरी ख्वाहिश है। पहली बार नार्थ भारत से इस पद मनोनित किया गया है। जो हमारे लिया बड़ी बात है। प्रतापसागर मेथोडिस्ट अस्पताल में जल्द ही मेडिकल कॉलेज खोलने की पहल शुरू की गयी है, जहां गांवों में गरीबों को स्वास्थ्य सेवाएं आधुनिक संसाधनों के जरिये किया जायेगा। इस दौरान डॉ. सतीश कुमार, डॉ. किरण, डॉ. राधा शुक्ला, डॉ. पल्लवी दुबे, डॉ. दीपक कुमारी, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. गौतम कुमार, डॉ. अक्क्षया, रोटेरियन मोहम्मद इफ्तिखार अहमद, मारकंडेय सिंह, रो. राजेश केशरी, एसएम साहिल, नरेश पोद्दार व अन्य मौजूद रहे।









### मुस्तफाबाद निवासी जाकिर हुसैन उर्फ विक्की पर गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

# मुख्तार अंसारी गैंग के सहयोगी विक्की की एक करोड़ का पेट्रोल पंप व भूमि कुर्क

- चकफरीद परगना बहरियाबाद में संचालित हो रहा था पेट्रोल पंप
- एसपी की संस्तुति पर जिला मजिस्ट्रेट ने कुर्की की कार्रवाई का दिया आदेश



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

आईएस-191 गैंग के सरगना मुख्तार अंसारी के गुर्गों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। पुलिस ने शुक्रवार को गैंग के सहयोगी सदस्य अभियुक्त जाकिर हुसैन उर्फ विक्की की एक करोड़ रुपये का पेट्रोल पंप (भूमि व भवन) को कुर्क कर लिया गया। एसपी के मुताबिक जाकिर हुसैन उर्फ विक्की इस समय जेल में बंद है। मुस्तफाबाद थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक को अपनी जांच आख्या सौंपी थी। रिपोर्ट के मुताबिक मुस्तफाबाद निवासी जाकिर हुसैन उर्फ विक्की गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप में लिप्त था। उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वह इस समय जेल में बंद है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त जाकिर हुसैन उर्फ विक्की द्वारा अपने नाम से मौजा चकफरीद परगना बहरियाबाद में पेट्रोल पम्प का निर्माण कर उसका संचालन किया गया है, जिसकी अनुमानित बाजारू कीमत एक करोड़ रुपये है। एसपी की संस्तुति पर जिला मजिस्ट्रेट ने कुर्की की कार्रवाई का आदेश दिया है। इसी कड़ी में सुबह पुलिस ने आज यह कार्रवाई की।

## जेल से रिहा होकर अफजाल अंसारी के चेहरे पर दिखी मुस्कान, बोले स्वास्थ ठीक

**गाजीपुर।** गाजीपुर के पूर्व सांसद अफजाल अंसारी नब्बे दिन बाद जेल से जमानत पर रिहा हो गए। उनको लेने उनके भतीजे और समाजवादी पार्टी से मोहम्मदाबाद विधानसभा के विधायक शोएब अंसारी पहुंचे थे। अफजाल अंसारी जिस वक्त जेल से निकले उस वक्त जेल की सुरक्षा चाक-चौबंद थी। अफजाल अंसारी ने बाहर निकलकर पुलिसकर्मियों से हाथ मिलाया और हाथ जोड़कर सबका अभिवादन किया। बिना झंडा लगी गाड़ी पर अफजाल अंसारी अपने भतीजे शोएब के साथ जेल के बाहर बृहस्पतिवार की रात निकले, तो जेल की बाहरी गेट पर मीडिया ने उन्हें रोक लिया। अफजाल अंसारी ने कहा कि अभी रात में बात करना ठीक नहीं कल बात करेंगे। उनके स्वास्थ्य के बारे में जब मीडियाकर्मियों ने सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि मेरा स्वास्थ्य अच्छा है। अफजाल अंसारी के अधिवक्ता विजय शंकर पांडेय ने बताया कि अफजाल अंसारी को गैंगस्टर मामले में चार साल की कैद हो गई थी। जिसमें उनको हाईकोर्ट द्वारा जमानत दे दी गई थी और 11 लाख के दो जमानतदार की वेरिफिकेशन होने के बाद आज भी स्थानीय कोर्ट ने उनका रिलीज ऑर्डर जेल भेजा था। जिसमें सात बजे के बाद अफजाल अंसारी की रिहाई शाम को की गई। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अफजाल अंसारी को जमानत मिली है और अफजाल अंसारी अब ऊपरी अदालत में अपनी सजा के खिलाफ जाएंगे।

## स्पोर्ट्स हॉस्टल में शेरपुर के दो खिलाड़ियों का चयन

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कॉलेज सोसायटी के अधीन प्रदेश में संचालित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, एवम मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई में सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी गई है। चयन सूची में बालीबाल खेल में शेरपुर कला गांव के सूर्यकांत राय पुत्र कृपाशंकर राय का चयन बादा स्पोर्ट्स हॉस्टल में हुआ है। उधर शेरपुर खुर्द निवासी सूरज यादव पुत्र वीरेंद्र यादव ने कबड्डी में सफलता मिली है। जिनका चयन मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कालेज सैफई में हुआ है। खिलाड़ीयों के चयन से क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। बालीबाल खेल की नर्सरी के नाम से विख्यात शेरपुर के ग्रामीणों ने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए चयनित खिलाड़ीयो को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## 18 वर्ष से कम उम्र के नाबालिगों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध



**चंदौली।** सिगरेट एंड अदर टोबेको प्रोडक्ट अधिनियम के तहत 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिगों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध के अंतर्गत छापेमारी की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा छापेमारी का मुख्य उद्देश्य तंबाकू की दुकानों को स्कूल की 100 मीटर परिधि से हटाना ताकि बच्चों को आसानी से तंबाकू उत्पाद ना मिल सके इसके अलावा रेलवे स्टेशन के आसपास के दुकानों पर छापेमारी की गई और तंबाकू खुले में ना बेचने की चेतावनी दी गई एवं जुमार्ना लगाया गया। रेलवे स्टेशन के बाहर तंबाकू की दुकान पर छापेमारी की गई धारा 6 के अंतर्गत स्कूल परिसर के एक 100 मीटर परिधि में दुकान नहीं होना चाहिए किसके अंतर्गत कार्रवाई की गई और चेतावनी दिया गया कि दुकान को हटा लिया जाए अन्यथा की स्थिति में दुकान जब्त कर लिया जाएगा। कार्यवाही में सलाहकार सीएमओ डॉ. अभिषेक सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी चिंत्र सेन समेत पुलिस विभाग से फोर्स नगर निगम विभाग द्वारा कुल 850 का 10 लोगों से जुमार्ना किया गया।




## छात्र-छात्राओं का चरित्र, व्यक्तित्व निर्माण करता है स्काउट एंड गाइड: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/चंदौली**

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्काउटिंग के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला और बताया कि यह संस्था देश ही नहीं विदेशों तक अनुकरणीय कार्य कर मानवता की पूर्ण सेवा कर रही है। यह संस्था बालकों के चरित्र, व्यक्तित्व एवं अनुशासन को विकसित कर राष्ट्र के लिए सेवाभावी, संवेदनशील मानवीय मूल्यों से ओत-प्रोत शालीन युवा तैयार कर सभ्य समाज का निर्माण कर रही है।

इस दौरान बैठक की शुरूआत स्काउट गाइड प्रार्थना से किया गया । प्रार्थना के पश्चात सभी उपस्थित संस्था के पदाधिकारियों ने अपना परिचय दिया। प्रस्तावना प्रस्तुतीकरण और पंजीकरण नवीनीकरण प्रथम द्वितीय तृतीय प्रगतिशील प्रशिक्षण की कार्य योजना का लक्ष्य निर्धारित करने एवं उसकी कार्ययोजना प्रस्तुत की गयी।



इसी के साथ बेसिक /एडवांस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राज्य पुरस्कार शिविर का आयोजन कर प्रस्ताव प्रस्तुत कर विचार आमंत्रित किया गया। अगस्त के अंतिम सप्ताह में बेसिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, नवंबर तक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रगतिशील प्रशिक्षण का आयोजन, सितंबर में मॉडल पत्थर के राज्य पुरस्कार तैयारी शिविर का आयोजन चंदौली में सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान जिला मुख्यालय पर संस्था का कार्यालय खोलने हेतु मांग की गई।

## विवाहिता की मौत मामले में पति, सास ससुर सहित छह पर हत्या का मुकदमा

**केटी न्यूज/चंदौली**

थाना क्षेत्र के तोरवा गांव में गुरुवार को विवाहिता की हुई संदिग्ध मौत में सास-ससुर, पति और ननद सहित कुल छह लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ है। चंदौली थाना क्षेत्र के मांटीगांव निवासी भीमराम की पुत्री पूजा 22 वर्ष की शादी एक वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के तोरवां गांव निवासी अमित कुमार पुत्र मराछू से हुई थी। जिसका संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

ससुराल पक्ष का कहना है कि विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिसके मौत की सूचना देर शाम को विवाहिता के पिता को दी गई। जिस पर मायके के लोग तोरवा पहुंचे और बेटी के शव को देख कर अक्रोशित हो गए और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची तो उसका शव बेड पर पड़ा था। दोनों पक्षों को पुलिस ने शांत कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पिता भीम द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर पति अमित कुमार के साथ ही ससुर मराछू, सास चंदा देवी, ननद और जेठ सहित कुल छह लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विवाहिता के पिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा अंगूठी और चेन की मांग की जा रही थी। उनकी मांग पूरी नहीं होने पर उन्होंने हमारी पुत्री को मार डाला।

## पहलीपुर व मिनी सचिवालय बरेंदा में ग्राम चौपाल का आयोजन

**गाजीपुर।** मरदह ब्लाक के ग्राम पंचायत कार्यालय पहलीपुर व मिनी सचिवालय बरेन्दा पर शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन सम्पन्न हुआ। ग्राम पंचायत बरेन्दा पर खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने 12 ग्रामीणों की समस्याएं सुन 9 का तुरंत निस्तारण किया,तथा 3 कृषि विभाग को प्रेषित किया आगे ग्राम चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों के विकास एवं सरकार द्वारा चलायी गयी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुचाने एवं उसकी जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराने के उद्देश्य से चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।शासन की मंशा के अनुसार शौचालय, आवास, पेंशन सहित आदि सुविधाओ का लाभ पात्रो देने के साथ ही ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को गति देने का कार्य किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसको ग्रामीणों के सहयोग से ही पूर्ण किया जाना है।

## प्रदेश में राहत व बचाव ऑपरेशन के लिए एनडीआरएफ तैयार: उप महानिरीक्षक

**केटी न्यूज/चंदौली**

11 एनडीआरएफ वाराणसी के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बाढ़ पूर्व तैयारी एवं एनडीआरएफ टीमों की तैनाती इत्यादि विषयों के संबंध में प्रेस वार्ता का आयोजन में किया गया। उप महानिरीक्षक ने बताया कि मानसून सीजन ने उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश में दस्तक दे दी है। एनडीआरएफ लगातार आईएमडी, सीडब्ल्यूसी, सिंचाई विभाग, नेपाल जल विज्ञान और मौसम विज्ञान इत्यादि एजेंसियों के साथ संपर्क में है और मानसून की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। साथ ही उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश शासन, एसडीएमए, राहत आयुक्त, एसडीआरएफ से समन्वय बनाते हुए टीम को प्रीपोजिशन कर दिया गया है। जिसमें बहराइच, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, भोपाल एवं जबलपुर



मे 01-01 टीमें बाढ़ राहत हेतु तैनात है। वाराणसी में दशाश्वमेध घाट एवं राजघाट घाट में टीम बाढ़ राहत तथा सावन महोत्सव हेतु तैनात है।

उन्होंने बताया कि वाराणसी में गंगा घाटों पर एनडीआरएफ टीम वाटर एंबुलेंस के साथ तैनात रहती है। जिससे आपातकालीन स्थिति में लोगों के जीवन की रक्षा की जा सके। वाटर एम्बुलेंस में आधुनिक उपकरणों के साथ प्रशिक्षित एवं अनुभवी पेरामैडिक्स तैनात रहते हैं, जो आपात स्थिति में तत्कालीन उपचार देकर घायल व्यक्ति को नदी के रास्ते नजदीकी अस्पतालों तक पहुँचाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वाराणसी जनपद और आसपास के क्षेत्रों के लिए 04 टीमें सभी संसाधनों के साथ तैयारी हालत में वाहिनी मुख्यालय में मौजूद है। इसके साथ ही क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ, गोरखपुर एवं भोपाल में भी शेष टीमों को तैयारी हालत में रखा गया है। उन्होनें यह भी बताया कि अत्यंत गंभीर स्थिति में जरुरत पड़ने पर देश के दूसरे हिस्सों की एनडीआरएफ टीमों को भी एअरलिफ्ट के द्वारा उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के प्रभावित इलाकों में तैनात किया जा सकता है। एनडीआरएफ राहत-बचाव कार्यों के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी अपनी अहम भूमिका निभाती आई है और राज्य सरकार को सहयोग करते हुए पौधरोपण अभियान के तहत वृहद पैमाने पर पौधे लगाए गए हैं।




### डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन व सिविल बार एसोसिएशन का हड़ताल जारी

# जनप्रतिनिधि नहीं माने तो निकलेगी शवयात्रा: जन्मेजय

**केटी न्यूज/चंदौली**

डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन व सिविल बार एसोसिएशन द्वारा निर्मित न्यायालय एवं मुख्यालय निर्माण संघर्ष समिति की तत्वावधान में कचहरी परिसर में आयोजित अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन 14वें दिन भी जारी रहा। भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के युवा मंडल अध्यक्ष मनमन सिंह के नेतृत्व में यूनियन के कई सदस्यों ने अधिवक्ता आंदोलन को समर्थन दिया। मंडल अध्यक्ष मनमन सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं का आंदोलन चंदौली को उसका हक दिलाने के लिए है, अपने लिए नहीं है। इसलिए जनपद के प्रत्येक व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि इस पुनीत व पावन आंदोलन का खुलकर समर्थन



करें। उन्होंने कहा कि जिले की इस दुर्दशा के मुख्य जिम्मेदार जिले के जनप्रतिनिधि हैं और हम सभी अधिवक्ताओं की हर लड़ाई में कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार हैं।

वहीं दूसरी ओर बिछियां गांव के पूर्व प्रधान व समाजसेवी संजय सिंह ने कहा कि अब चंदौली का हर आम आदमी इस आंदोलन को समर्थन करेगा और ऐसे भ्रष्ट नेताओं को चंदौली से भगाने का काम किया जाएगा। पूर्व महामंत्री अधिवक्ता जन्मेजय सिंह, सदस्य न्यायालय व मुख्यालय निर्माण संघर्ष समिति ने बताया कि अब आंदोलन का रूख बदलने जा रहा है। अगर ये जनप्रतिनिधि अपने दायित्वों को नहीं समझे और आगामी सोमवार तक प्रदेश के मुखिया से मिलकर जिले के विकास का मार्ग प्रशस्त नहीं किए तो सोमवार से आंदोलन तेज हो जाएगा। सोमवार और मंगलवार को इन जनप्रतिनिधियों के लिए बुद्धि-शुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया है। वहीं बुधवार को इन्हें मृतप्राय समझकर प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली जाएगी। फिर लगातार 10 दिनों तक लगातार इनका प्रतीकात्मक शवदाह किया जाएगा। 10 दिन पर दसवां का कार्यक्रम होगा। जनप्रतिनिधि नहीं माने तो श्राद्ध व पिंडदान जैसे कार्यक्रम भी होंगे। यहां तक की पदयात्रा कर दिल्ली में प्रधानमंत्री से गुहार लगाई जाएगी। बावजूद इसके चंदौली की उपेक्षा हुई तो वाराणसी में पीएम के चुनाव का विरोध होगा।